भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता घर घर जा कर बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनायेंगे – दीपक शर्मा

ज्ञानचंद गुप्ता ने लाभार्थियों को सौपे आयुष्मान कार्ड

पंचकूला–21 दिसंबर– भाजपा पंचकूला के चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा सत्तर वर्ष या अधिक आयु के नागरिकों के लिए प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता घर पर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य कर रहे है। प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, निगम पार्षद जय कौशिक, चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक आशीष गुलेरिया, सह संयोजक डॉ संजय भट्ट , डॉ अमित अग्रवाल, गौरव गुलेरिया भी उपस्थित रहे। आशीष गुलेरिया ने बताया की चिकित्सा प्रकोष्ठ पंचकूला ज़िले के दोनों विधानसभाओ में विशेष अभियान चला कर यह सुनिश्चित करने का काम कर रही है कि सत्तर वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ नागरिकों को प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना का लाभ बिना किसी दिक्कत परेशानी के आसानी से घर बैठे मिल सके। आशीष गुलेरिया ने बताया चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा अबतक 100 से अधिक वरिष्ठ आयु के लाभार्थिओं को आयुष्मान कार्ड वितरित किये जा चुके है।

डीसीपी यातायात जसलीन कौर ने स्वयं फिल्ड में उतर कर लोगों को किया जागरूक

फरीदाबाद.21 दिसंबर। सुनील कुमारजांगड़ा. यातायात पुलिस फरीदाबाद द्वारा आमजन को सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए सख्ती से कार्य किया जा रहा है। साथ ही जागरूकता कार्यक्रम भी किया जा रहे हैं, इसी क्रम में पुलिस उपायुक्त यातायात सुश्री जसलीन कौर आईपीएस खुद फिल्ड में अपनी टीम के साथ उतर कर लोगों को जागरूक कर रही है व साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी करा रही हैं।

पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा सोहना टी प्वाइंट पर टी आई बल्लबगढ़ के साथ और अजरौंदा चौक पर एसीपी ट्राफिक के साथ दौरा करके लोगों को जानकारी देते हुए यातायात नियमों की पालना करने बारे जागरूक किया तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाही भी करवाई।

'प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत सुशासन प्रथाओं पर कार्यशाला का 23 को होगा आयोजन

फरीदाबाद, 21 दिसंबर। सुशासन सप्ताह के तहत फरीदाबाद जिला में चल रहे प्रशासन गांव की ओर अभियान में ग्रामीण विकास पर फोकस करते हुए लोगों को जोड़ा जा रहा है। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सीईओ सतबीर मान ने बताया कि राष्ट्रव्यापी सुशासन सप्ताह अभियान के तहत हरियाणा सरकार द्वारा मनाए जा रहे 'प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत 23 दिसंबर को लघु सचिवालय सभागार में सुशासन प्रथाओं/पहलों पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही दिनांक 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों सुशासन पुरस्कार से सम्मानित जाएगा और जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सीईओ सतबीर मान ने बताया कि कार्यशाला में सार्वजनिक सेवा वितरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, शिकायत निवारण, सार्वजनिक कार्य आदि के क्षेत्रों में किए गए कार्यों की उपलब्धियां दर्शायी जाएंगी और ग्रामीण विकास के लिए किए जाने वाले कार्यों को लेकर विचार साझा किए जाएंगे।

ओमप्रकाश चौटाला जी बहुत मजबूत व हिम्मत वाले आदमी थे – जयहिन्द

– (21 दिसंबर) / हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला जी का शुक्रवार को गुरुग्राम में निधन हो गया। वह 89 साल के थे। शनिवार 21 दिसंबर को उनके पैतृक गांव चौटाला में उनका अंतिम संस्कार किया गया जहां नवीन जयहिन्द ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। जयहिन्द ने बताया कि चौटाला साहब बहुत मजबूत व हिम्मत वाले आदमी थे। आज के दिन किसी नेता में इतनी हिम्मत नहीं होगी कि 75 साल की उम्र में दस साल की सजा की जेल काटकर ज़िंदा वापिस आ जाएगा। साथ ही जयहिन्द ने कहा लोग चौटाला साहब की पॉलिसी व काम से सहमत ना हो कोई बात नहीं, लेकिन इस बात में कोई आपति नहीं होनी चाहिए कि चौटाला साहब बहुत हिम्मत वाले आदमी थे। जयहिन्द ने कुछ पुराना यादें साझा करते हुए बताया कि अन्ना आंदोलन के दौरान गुरुग्राम के एक मेडिकल में अन्ना जी एडमिट हुए थे और मैं उनके साथ था। उसी मेडिकल में चौटाला जी भी एडमिट थे। चौटाला साहब को पता चलने पर उन्होंने मुझे बुलाया और मेरा नाम व पता पूछा। मेरे बताने पर उन्होंने झट से बता दिया कि तुम्हारे गांव के नाम पर दौ गांव है तुम कौनसे गांव के हो, उसके बाद एक गांव में चौटाला साहब द्वारा जनता दरबार लगाया गया था उसमें हमने नारे लगाए तो उन्होंने तुरंत मुझे पहचान लिया। मैने उस समय देखा कि इतनी ज्यादा उम्र में भी याददाश इतनी तेज होना आम बात नहीं है। चौटाला साहब ने 87 साल की उम्र में जेल से ही 10वीं की परीक्षा दी और मेरिट में पास हुए। बेशक वे बहुत बुद्धिमान थे और उनसे हमें ओर आज के बच्चों को प्रेरणा लेनी चाहिए।

हरियाणा की राजनीति और प्रदेश के विकास में ओम प्रकाश चौटाला के योगदान को रखा जाएगा हमेशा याद ~ललित बुटाना

सुरेन्द्र पांचाल भेदी नजर करनाल, 21 दिसंबर-प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं किसान सैल के राष्ट्रीय संयोजक व हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के पूर्व सदस्य ललित बुटाना ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की राजनीति और विकास में उनके नेतृत्व में किए गए कार्यो को हमेशा याद किया जाएगा। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं। भगवान उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति दें। ललित बुटाना ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला ने हरियाणा के लोगों की न केवल सेवा की बल्कि अपने जीवन को जनता के बीच समर्पित कर दिया। हर छोटे-बड़े कार्यकर्ता को नाम से पुकारना उनकी खास पहचान रही ओर इसी प्यार के कारण वह जाने जाते थे।उनमें जबरदस्त स्मरण शक्ति थी। उन्होंने हमेशा किसान मजदूर व कमेरों के हित की आवाज उठाई और उनके लिए कार्य किए। उनके निधन से राजनीतिक जगत में शोक की लहर है।

संस्थापक कुलपति डॉ. राज नेहरू का हुआ भव्य सम्मान

- मुख्यमंत्री के ओएसडी बनाए जाने पर छोड़ा पद
- आठ साल में देश के पहले कौशल विश्वविद्यालय को दिलाए देश– दुनिया में नए मुकाम
- कर्मचारियों के बच्चों और एग्रीकल्चर फॉर्म के लिए दान कर गए उपहार में मिली राशि

भेदी नजर। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति डॉ. राज नेहरू को भावुक और भव्य विदाई दी गई। उनके सम्मान में दिव्य समारोह का आयोजन किया गया और संस्थापक कुलपति के रूप में उनके योगदान के लिए उन्हें प्रशस्ति प्रदान किया गया। सम्मान की सूचक पगड़ी और शाल भेंट कर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई। शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया और उनके ऊपर पुष्प वर्षा की गई। उद्योग जगत की कई बड़ी हस्तियां इस सम्मान समारोह में शामिल हुई और संस्थापक कुलपित डॉ. राज नेहरू के विदाई समारोह को यादगार बना दिया।

वर्ष 2017 में डॉ. राज नहरू ने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलपति के रूप में कमान सँभाली थी। उन्हें न केवल देश के पहले राजकीय कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना का श्रेय जाता है, बल्कि उनके कार्यकाल में इस विश्वविद्यालय ने एनआईआरएफ रैंकिंग में देश भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दर्जन भर प्रतिष्ठित अवार्ड भी अपने नाम किए हैं। अब उन्हें हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के विशेष कर्तव्य अधिकारी का दायित्व मिला है। संस्थापक कुलपति डॉ. राज नेहरू विश्वविद्यालय परिसर पहुंचे तो उनका भव्य स्वागत किया गया। उनके मार्गदर्शन में स्क्रैप से बने ई व्हीकल को फूलों से सजाया गया। बैंड की धुनों पर निकले उनके काफिले पर सारे रास्ते फूल बरसाए गए और विद्यार्थियों ने उनके प्रति करबद्ध कृतज्ञता ज्ञापित की। संस्थापक कुलपित डॉ. राज नेहरू, उनकी पत्नी सुनैना नेहरू, बेटी ओशीन और बेटा आर्यन भी इस यादगार समारोह में शरीक हुए। जब फूलों से सजे ई व्हीकल में सवार होकर वह आयोजन स्थल पर पहुंचे तो माहौल भावुक भी नजर आया। विश्वविद्यालय परिवार के साथ-साथ दुधौला गांव के पूर्व सरपंच सुन्दर सिंह और गाँव के मौजूदा व्यक्तियों ने भी कुलपति डॉक्टर राज नेहरू को का सम्मान किया। उन्होंने नोटों की माला भी पहनाई, लेकिन डॉ. राज नेहरू ने यह राशि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा और एग्रीकल्चर फार्म के लिए दान कर दी।

संस्थापक कुलपति डॉ. राज नेहरू ने इस अवसर पर पूरी टीम के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि यह लक्ष्य प्राप्त करना आसान नहीं था, लेकिन आप सबके सहयोग से मैं विश्वविद्यालय को इस मुक़ाम पर लाने में सफल हुआ। उन्होंने कहा कि दूर तक चलना है तो सबको साथ लेकर चलना पड़ेगा और इसी भावना के साथ हमने विश्वविद्यालय के निर्माण में सब की सहभागिता सुनिश्चित की। डॉ. राज नेहरू ने कहा कि मैने श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को पूरी निष्ठा और मूल्य बोध के साथ संचालित किया। इसके लिए विश्वविद्यालय की विश्वसनीयता सबसे ऊपर रही। चाहे वह भर्तियों का विषय हो पूरी पारदर्शिता के साथ भर्ती हुई और एक भव्य परिसर का निर्माण भी हुआ, लेकिन आठ साल में कोई आक्षेप नहीं है। उन्होंने कहा कि हमने नए आइडिया, नई नीतियां और नवाचार पर काम किया। इसके बूते ही इस विश्वविद्यालय ने देश-विदेश में अपनी एक अलग पहचान बनायी है। देश के पहले इनोवेटिव स्किल स्कूल की स्थापना को उन्होंने बड़ी उपलब्धि बताया। संस्थापक कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि हमने एक वर्ल्ड क्लास सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस की स्थापना की है। आने वाले दिनों में इसके बहुत सुखद परिणाम सामने आएंगे। साथ ही ऑन द जॉब ट्रेनिंग को कौशल शिक्षा के मॉडल में समावेशित किया गया है। अब यह पूरे देश के लिए एक आदर्श मॉडल बन गया है। उन्होंने कहा कि आज देश और दुनिया के बहुचर्चित शिक्षण संस्थान श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के मॉडल का अनुकरण कर रहे हैं। यह हमारी उपलब्धि है। इस पूरे मिशन में सहयोग के लिए उन्होंने सभी डीन, प्रोफेसर, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। डॉ. राज नेहरू ने ग्राम पंचायत दुधौला के प्रति विशेष कृतज्ञता जतायी। उन्होंने कहा कि दुधौला गांव के सहयोग से ही यह विश्वविद्यालय स्थापित हो पाया है। संश्थापक कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालयों को वह अपने मन और सोच से कभी बाहर नहीं निकाल सकते। यह हमेशा दिल में रहेगा। अंत में उन्होंने अत्यंत विनम्रता से कहा कि इस कार्यकाल में यदि कोई चूक हुई हो तो उसके लिए क्षमाप्रार्थी हूँ।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफ़ेसर ज्योति राणा ने उन्हें विश्वविद्यालय की ओर से सम्मानित किया। इस मौक़े पर उन्होंने कहा कि पूरे देश के सामने यह विश्वविद्यालय आदर्श बन गया है। कुलपति के रूप में डॉक्टर राज नेहरू को भारत में कौशल शिक्षा का मॉडल खड़ा करने का श्रेय जाता है। उन्होंने जिस शिद्दत के साथ इस विश्वविद्यालय का स्थापना की है वह निर्वचनीय है। उनकी संस्तुतियों को यूजीसी और नैक ने भी स्वीकार किया। यह बहुत बड़ा गौरव है।

विश्वविद्यालय के अकादमिक अधिष्ठाता प्रोफ़ेसर आर एस राठौड़ ने कहा कि कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में डॉक्टर राज नेहरू ने देश में स्किल एजुकेशन का इको सिस्टम तैयार किया। उन्होंने अपनी नेतृत्व क्षमता से शिक्षा जगत और देश व समाज के लिए बहुत बड़ा योगदान दिया है। डॉ. राज नेहरू को बंचारी की लोककला के संवर्द्धन के लिए भी जाना जाएगा। प्रोफेसर आर एस राठौड़ ने कहा कि अब हरियाणा सरकार ने उन्हें जो दायित्व दिया है इसका भी बड़े स्तर पर प्रदेश को लाभ मिलेगा। आईआईएलएम की कुलपित डॉ. सुजाता शाही,

हीरो मोटरकॉर्प की ओर से एचआर हेड धर्म रक्षित, सुधांशु पाडी, ऑटोलेक की एचआर हेड भावना चौहान, मिताभी लैंस की ओर जीएम संजीव शर्मा, मेट्रो लैब के डायरेक्टर विनोद भाटी और हिपा की सहायक निदेशक रेखा भारद्वाज

सहित उद्योग जगत की कई बड़ी हस्तियों ने निवर्तमान कुलपति डॉ. राज नेहरू को सम्मानित किया और उनकी नई पारी के लिए शुभकामनाएँ दी।

प्रभु श्री राम के चरण चिन्हों को देखने वाला पल आंखें भिगोने वाला है

भिवानी। अग्रवाल वैश्य समाज के प्रतिनिधि मंडल ने तीन दिनों तक चित्रकूट, प्रयागराज और अयोध्या का भ्रमण किया। अपने इस भ्रमण के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने जहां चित्रकूट में भगवान राम के वनवास के दौरान की घटनाओं को नजदीक से देखा वहीं प्रयागराज में संगम स्नान किया और अयोध्या में प्रभु श्री राम के राम जन्मभूमि पर दर्शन किए। अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश मंत्री मुकेश बंसल एवं युवा उपाध्यक्ष पंकज कसेरा ने कहा कि अग्रवाल वैश्य समाज के प्रधान अशोक बुवानीवाला नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में समाज के 45 सदस्यों ने भाग लिया। इस यात्रा के दौरान समाज के लोगों ने तीन दिनों में तीन पवित्र स्थानों पर स्नान किया। सबसे पहले मंदाकिनी नदी में रामघाट पर स्नान किया वहीं दूसरे दिन प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम पर स्नान किया और तीसरे दिन सरयू नदी में स्नान का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों से भी अधिक वर्षों में हम वह सौभाग्यशाली पीढ़ी हैं, जिनको राम मंदिर अपनी आंखों के सामने बनता हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा के दौरान प्रभु श्री राम के चरण चिन्हों को देखने वाला पल आंखें भिगोने वाला है। इस यात्रा में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष तायल, महेंद्रगढ़ जिला अध्यक्ष संदीप नूनी वाला, प्रदेश युवा महासचिव रवि गर्ग, सुरेश तायल प्रदीप गर्ग राजीव गर्ग प्रदीप ऐरन, वेद प्रकाश जैन, नीरज सिंगला, प्रणव बुवानीवाला, राजेंद्र सिंगल, सुमंत जैन, महेंद्र बंसल, तुलसीराम गोयल ,अंकित अग्रवाल, यश जैन ,नवीन केडिया , सुशील गुप्ता ,राजीव गुप्ता शामिल रहे। समाज के प्रदेश मंत्री मुकेश बंसल एवं युवा उपाध्यक्ष पंकज कसेरा को अपने इस यात्रा के दौरान अयोध्या के कमिश्नर गौरव दयाल आईएएस से मिलने और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास के दर्शन करने का भी सौभाग्य मिला। प्रतिनिधि मंडल राम मंदिर निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए महंत नृत्य गोपाल दास को स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। मुकेश बंसल व पंकज कसेरा ने कहा कि महंत नृत्य गोपाल दास का सम्मान करके संस्था खुद को सम्मानित महसूस कर रही है। उन्होंने बताया कि समाज की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक भी अयोध्या में संपन्न हुई। इस यात्रा के दौरान यात्रा में शामिल बच्चों और महिलाओं ने सरयू नदी में बोटिंग और चित्रकूट में लक्ष्मण पहाड़ी पर रोप-वे का आनंद लिया जिससे उनकी यह यात्रा धार्मिक यात्रा के साथ-साथ उनके लिए एक अच्छा पर्यटन का साधन भी बन गई।

सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता बढ़ाने के लिए हरियाणा में चलाया जाएगा विशेष अभियान : डीसी

सफाई और रिकॉर्ड प्रबंधन पर रहेगा फोकस

फरीदाबाद, 21 दिसंबर। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी स्थानीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'स्वच्छ हरियाणा मिशन' के अंतर्गत 31 जनवरी, 2025 तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी डीसी विक्रम सिंह ने दी। डीसी ने बताया कि हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने केन्द्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग के सचिव श्री वी. श्रीनिवास के साथ एक वर्चुअल बैठक के बाद अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा। इस पहल के तहत, पंचायती राज संस्थान और शहरी स्थानीय निकाय निरंतर सफाई, अपशिष्ट प्रबंधन और स्थिरता पहल सुनिश्चित करने के लिए गतिविधि कैलेंडर भी बनाएंगे।

डीसी ने बताया कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों और अधिकारियों के साथ जनता के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए उनके संबद्ध या अधीनस्थ कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों आदि समेत सभी सरकारी कार्यालयों में सफाई को बढ़ाना भी है। अभियान का फोकस प्रशासनिक विभागों और निदेशालयों के साथ-साथ सेवा वितरण के लिए उत्तरदायी क्षेत्रीय व जिला कार्यालयों और सार्वजनिक संपर्क वाले कार्यालयों पर रहेगा। तैयारी का चरण 31 दिसंबर तक चलेगा और इसमें विभागों में जमीनी स्तर पर काम होगा। इस चरण के दौरान, अभियान से जुड़ी गतिविधियों की अगुवाई करने के लिए जिला कार्यालय और सार्वजनिक क्षेत्र की इकाई में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। ये अधिकारी कर्मचारियों को जुटाएंगे, सफाई अभियान के लिए स्थलों की पहचान करेंगे और ई-नीलामी सहित निपटान के लिए अनावश्यक सामग्रियों का आँकलन करेंगे। हरियाणा सरकार की कार्यालय प्रक्रिया नियमावली में दिए दिशानिर्देशों के अनुसार दस्तावेज रिटेंशन को सुव्यवस्थित करने और अप्रचलित रिकॉर्ड को हटाने पर ध्यान देने के साथ ही रिकॉर्ड प्रबंधन पर भी बल दिया जाएगा।

डीसी ने बताया कि 1 जनवरी से 31 जनवरी, 2025 तक मुख्य चरण के दौरान, विभागों द्वारा तैयारी चरण के दौरान बनाई गई योजनाओं को लागू किया जाएगा। नोडल अधिकारी हाई-रिज़ॉल्यूशन फोटो और वीडियो के साथ प्रगति का दस्तावेजीकरण करने, उपलब्धियों की रिपोर्ट करने और अभियान के प्रभाव पर जनता से प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। एनआईसी द्वारा विकसित एक केंद्रीय निगरानी पोर्टल के माध्यम से अभियान की प्रगति को ट्रैक किया जाएगा। नोडल अधिकारी अपने-अपने विभागों की उपलब्धियों और सर्वोत्तम प्रथाओं को उजागर करते हुए इस पोर्टल को प्रतिदिन अपडेट करेंगे। अभियान की सफलता का मूल्यांकन करने के लिए जनता से प्राप्त प्रतिक्रिया का दस्तावेजीकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक सचिव नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा करेंगे और समर्पित अधिकारी स्वच्छता प्रयासों का आकलन करने के लिए अभियान स्थलों का दौरा भी करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में समग्र कार्य परिवेश को बढ़ाना है, ताकि आमजन के संतुष्टि स्तर में सुधार हो। यह पहल स्थान अनुकूलन, रिकॉर्ड प्रबंधन और स्वच्छता सुनिश्चित करके दक्ष और बेहतर सेवा वितरण की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

डीसीपी कुलदीप सिंह द्वारा उत्कृष्ट सेवा~गंदगी में बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे नगर निगम से कराई सफाई

फरीदाबाद–20 दिसम्बर। सुनील कुमार जांगड़ा. बता दें कि शुक्रवार पुलिस उपायुक्त एन आई टी कुलदीप सिंह आईपीएस ने सेक्टर-21-बी में सड़क के पास पढ़ाई कर रहे बच्चों की कक्षा का दौरा किया। पुलिस उपायुक्त ने देखा कि बच्चो के पास कुडा करकट पडा है। जिस पर पुलिस उपायुक्त द्वारा तुरंत नगर निगम से संपर्क किया और कूड़ा करकट हटवाया। पुलिस उपायुक्त द्वारा कमजोर वर्ग के बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों की हौसला अफजाई की और साथ ही बच्चों को अधिक मेहनत करके सफल होने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होने कहा की शिक्षा जीवन का अह्म हिस्सा है ,अच्छी शिक्षा से हम अपने जीवन में सफलता हासिल कर सकते हैं, उन्होने बच्चो की सहायता करने की शुरुवात की है साथ ही पुलिस विभाग वा सामाजिक लोगो को भी इन बच्चो को हर संभव मदद करने के लिये आग्रह किया गया है।

गलत लेन ड्राइविंग करने पर वर्ष 2024 में 13 हजार 218 वाहनों के किए चालान

पानीपत,(चुघ) भेदी नजर। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जिला पुलिस सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्ष 2024 के दौरान जिला पुलिस ने हाइवे पर गलत लेन ड्राइविंग करने वाले वाहनों के खिलाफ समय समय पर विशेष चैकिंग अभियान चलाकर 13 हजार 218 वाहनों के चालान किए है।

जिला यातायात पुलिस के इस अभियान से हाईवे पर सकारात्मक असर देखा गया है। इसमें ट्रकों के 4915, कैंटर के 3263, बसों के 381 और 4659 अन्य वाहनों के चालान किए गए हैं।

इसी के साथ 11 दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक चलाए विशेष अभियान के तहत नेशनल हाईवे पर चेकिंग के दौरान लेन ड्राइविंग की उल्लंघना करते पाए 40 भारी वाहन चालकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 285 के तहत अभियोग दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई।

पुलिस द्वारा बताया गया कि हाईवे पर अधिकतर दुर्घटनाएं गलत लेन पर चलने वाले भारी वाहनों की वजह से होती हैं। नियमों को न मानने की वजह से हादसे हो रहे हैं। मोटर वाहन अधिनियम के तहत भारी वाहनों के हाईवे पर चलने के लिए बाई लेन निर्धारित की गई है। भारी वाहन अपनी लेन छोड़कर दूसरी

लेन में चल रहे हैं। जिला पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियमों की उल्लंघन करने वालों के चालन किए जा रहे हैं। इसके साथ यातायात पुलिस द्वारा हाईवे पर टोल प्लाजा के नजदीक वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने इसके साथ ही वाहन चालकों से धुंध में धीमी गति और पूरी सावधानी से वाहन चलाने किअपील की है। उन्होंने कहा की वाहनों पर रिफलेक्टर टेप लगवाने के साथ ही फाग लाइट का प्रयोग करें। यह धुंध को काटने में मददगार साबित होती है।उन्होंने कहा कि कोहरे में सड़क पर सुरक्षित चलने का अच्छा तरीका है कि आगे वाले वाहन से गाड़ी निश्चित दूरी पर चलाएं। वाहन की हेड लाइट को हाई बीम पर न रखें, ऐसा करने से कोहरे में रोशनी बिखर जाती और सामने कुछ नजर नहीं आता। हेड लाइट लो बीम पर रखें। इससे देखने में आसानी होगी और सामने वाले को भी गाड़ी की सही स्थिति का पता चल सकेगा। वाहन चलाते समय कहीं मुड़ना है तो काफी पहले से इंडिकेटर दें। जिससे दूसरी गाड़ियों को टाइम मिल सके। अगर किसी वाहन में तकनीकी खराबी हो जाती है तो उक्त वाहन को सड़क किनारे से दूर खड़ा करें और उसके इंडिकेटर जलाएं और आगे पीछे कोण लगाए।